an>

Title: Regarding need to modernize jetties in Varsova and Madh in Mumbai North-West Parliamentary Constituency.

श्री गजानन कीर्तिकर (मुम्बई उत्तर पश्चिम): समुद्री जल परिवहन तथा समुद्री जल प्लेटफार्मों की दुर्दशा की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। देश में विशेषकर मुम्बई समुद्री जल स्टेशनों से प्रतिदिन कई नौका एवं जहाजों का आवागमन होता है। जहाज व नौका यात्रियों को चढ़नेउतरने के लिए जो प्लेटफार्म/जेट्टी बनाई गई हैं, उनकी अवस्था काफी खराब हो चुकी है। कई टूटने के कगार पर हैं, तो कई टूटे-फूटे पड़े हैं, जिसके कारण अनेक बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं और आए दिन दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ती ही जा रही है। मुम्बई उपनगरीय जिले के वर्सोवा से मढ़ तक आवागमन के लिए यात्री नौका सेवा शुरू है। यहाँ दोनों जल स्टेशनों/ जेट्टियों की अवस्था अत्यंत दयनीय स्थिति में पहुँच चुकी है। वर्सोवा खाड़ी में काफी उँचाई तक मलबा जमा हुआ है जिससे कभी भी भयंकर दुर्घटना हो सकती है। वर्सोवा समुद्री तटों के आवासों में बड़ी संख्या में मछुआरे रहते हैं तथा अपने व्यवसाय के लिए इसी खाड़ी का उपयोग करते हैं। उनकी नौकाएं भी कई बार मलबे में फँसकर टूट जाती हैं।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि जल स्टेशनों की गंभीर स्थिति पर गौर कर अतिशीघ्र जल प्लेटफार्म/जेट्टी का आधुनिकीकरण किया जाए ताकि यात्रियों व व्यवसायियों को समुद्री आवागमन के लिए सुविधा प्राप्त हो सके, इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।